गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम 2009 क्रमांक 25 के अंतर्गतस्थापितकेन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी,बिलासपुर 495009(छ0ग0)
कार्यालय परीक्षा नियंत्रक
दूरभाष : 07752–260003,260000
ईमेलःcontrollerofexamsggv@gmail.comवेबसाईटःwww.ggu.ac.in

(NAAC Accredited A++ Grade)

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya,
Central University established by the central universities Act 2009 No.25 of 2009)
Koni, Bilaspur 495009 (G.G.)
Office of the Controller of Examinations
PH No. 07752-260003,260000
Email : controllerofexamsggv@gmail.comWebsite: ggu.ac.in

क्रमांक 698 /परीक्षा/2025 बिलासपुर, दिनांक 27/02/2025

# कार्यालयीय ज्ञाप/Office Memorandum

कार्यालयीय ज्ञाप क्रमांक 654/परीक्षा/2025 बिलासपुर दिनांक 27.01.2025, कार्यालयीय ज्ञाप क्रमांक 659/परीक्षा/2025 बिलासपुर दिनांक 03.02.2025, कार्यालयीय ज्ञाप क्रमांक 667/परीक्षा/2025 बिलासपुर दिनांक 10.02.2025 एवं कार्यालयीय ज्ञाप क्रमांक 669/परीक्षा/2025 बिलासपुर दिनांक 10.02.2025 के द्वारा स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा की मुख्य सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षाओं के लिए विषय चयन की तिथियां घोषित की गई थी, जिसकी निरंतरता में विश्वविद्यालय के विभिन्न अध्ययनशाला में संचालित (सिर्फ अभियांत्रिकी एवं तकनीकी अध्ययनशाला को छोड़कर) स्नातक के सभी सम सेमेस्टर (दशम, अष्टम, षष्ठम, चतुर्थ एवं द्वितीय) तथा स्नातकोत्तर के सभी सम सेमेस्टर (चतुर्थ एवं द्वितीय) एवं डिप्लोमा वार्षिक प्रणाली सत्र 2024–25 की परीक्षा में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को समर्थ पोर्टल के माध्यम से **मुख्य एवं ए.टी.के.टी. परीक्षा** हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र **(Online Examination Application Through Samarth Portal)** जमा करने हेतु तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैः–

| विवरण | तिथियां |
|---|---|
| **बिना विलम्ब शुल्क** के साथ परीक्षा आवेदन भरने की तिथि | दिनांक 05/03/2025 से दिनांक 12/03/2025 तक |
| **विलम्ब शुल्क** के साथ आवेदन पत्र जमा करने की अनुमति | रूपये 250 के साथ– दिनांक 13/03/2025 से दिनांक 18/03/2025 (मंगलवार) तक<br>**तत्पश्चात परीक्षा आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।** |
| संबंधित विभाग के द्वारा परीक्षा विभाग में छात्रों की रोल लिस्ट/सूची जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक 21/03/2025 तक |
| संभावित परीक्षा आरंभ होने की तिथि | अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार |

कुछ विभागों के विभागाध्यक्षों ने सूचित किया है कि उनके विभाग के कुछ छात्र/छात्राओं द्वारा अभी तक कोर्स चयन नहीं किया गया है, इसको ध्यान में रखते हुए सभी सम सेमेस्टरों के कोर्स चयन के लिए पोर्टल दिनांक 28/02/2025 से दिनांक 04/03/2025 (मंगलवार) तक खुला रहेगा। जो छात्र/छात्रा किसी कारण से कोर्स का चयन नहीं किए हैं, वे सभी अनिवार्य रूप से निर्धारित समय–सीमा में कोर्स चयन कर लें। **तत्पश्चात कोर्स चयन संबंधी कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।**

**टीपः–**

1. उक्त परीक्षा हेतु आवेदन पत्र समर्थ पोर्टल पर पूर्व की तरह ही भरे जायेंगे। **ऑनलाईन (Online)** परीक्षा आवेदन पत्र भरने का लिंक https//ggv.samarth.edu.in है। समर्थ पोर्टल पर अपना Enrollment No. एवं Password का उपयोग कर लॉगिन करेंगे। **Examination** को क्लिक करेंगे फिर Registration और Submit को दबाकर आवेदन पूर्ण करेंगे। इस प्रकार रजिस्ट्रेशन होने के बाद छात्र/छात्राएं अपना परीक्षा आवेदन पत्र उक्त निर्धारित अवधि में भरने के बाद, परीक्षा आवेदन पत्र मुद्रण कर संबंधित अंकसूचियों, परीक्षा शुल्क जमा किये जाने संबंधी रसीद सहित हार्डकापी, अपने विभागाध्यक्ष के पास जमा करेंगे।
2. जो छात्र/छात्राएँ, ए.टी.के.टी. परीक्षा में बैठने की पात्रता रखते हो, ऐसे छात्र/छात्राएं समर्थ पोर्टल में परिलक्षित शुल्क (रूपये 200/– प्रथम प्रश्न पत्र का तदोपरांत रूपये 100/– अतिरिक्त विषय प्रश्न पत्र) जमा करने के पश्चात ही आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

P.T.O.

3. यदि छात्र/छात्राओं को ऑनलाईन (Online) परीक्षा आवेदन पत्र भरने में परेशानी हो तो अपने विभागाध्यक्ष अथवा परीक्षा विभाग के श्री कृष्ण कुमार राय (मोबाईल नं. 9340990639) पर कार्यालयीन दिवस/कार्यालयीन समय पर सम्पर्क कर सकते हैं। परीक्षा आवेदन पत्र भरने में परेशानी का निराकरण नहीं हो पाने की स्थिति में परीक्षा नियंत्रक से भी संपर्क किया जा सकता है।

4. यदि किसी कक्षा के छात्र/छात्रा का सम सेमेस्टर में प्रमोशन उनके पूर्व के सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम पर आधारित है और ऐसे कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हुये हैं तो ऐसे छात्र/छात्रा के संबंधित कक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात् संबंधित **विभाग में अंकतालिका प्राप्त होने की तिथि से तीन दिवस तक बिना विलम्ब शुल्क के साथ अपना कोर्स चयन एवं परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाईन जमा कर सकते है, तत्पश्चात उपरोक्तानुसार विलम्ब शुल्क देय होगा।**

5. छात्रों से अनुरोध है कि वे अपना ऑनलाईन (Online) परीक्षा आवेदन पत्र अंतिम तिथि से पूर्व भरना सुनिश्चित करें, अंतिम समय का इंतजार न करें।

6. जो छात्र/छात्रा परीक्षा आवेदन पत्र निर्धारित समय में आनलाईन नहीं भरेंगे, ऐसे छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र मुद्रित नहीं होगा, **बिना प्रवेश पत्र के ऐसे छात्र/छात्रा को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं होगी एवं इसके लिए छात्र/छात्रा स्वयं जिम्मेदार होंगे।**

7. विभागाध्यक्ष, उनके विभाग के जो छात्र/छात्रा उक्त सेमेस्टर की परीक्षा में बैठने की पात्रता नहीं रखेंगे, उन छात्र/छात्राओं की सूची पृथक से **परीक्षा प्रारंभ होने की तिथि से 10 दिन पूर्व (प्रवेश पत्र जारी करने से पहले) अनिवार्य रूप से परीक्षा विभाग को सूचित करेंगे।**

8. प्रायः यह देखा गया है कि कुछ छात्र/छात्रा परीक्षा आवेदन समय–सीमा में जमा नहीं करते हैं। अतः सभी विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि अपने विभाग के संबंधित सेमेस्टर के सभी छात्र/छात्राओं से निर्धारित समय–सीमा में परीक्षा आवेदन पत्र भराया जाना सुनिश्चित करेंगें/करावाएंगे।

आदेशानुसार/By Order,

27-02-2025

परीक्षा नियंत्रक/
**Controller of Examinations**

पृ.क्रमांक 690 /परीक्षा/2025 बिलासपुर, दिनांक 27/02/2025

**प्रतिलिपिः–**

1. कुलपति एवं कुलसचिव जी के सचिव/निज सहायक की ओर मा. कुलपति/कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
2. अधिष्ठाता, समस्त अध्ययनशाला की ओर सूचनार्थ।
3. **विभागाध्यक्ष, समस्त शिक्षण विभाग को इस आशय के साथ अग्रेसित है कि आपके विभाग में अध्ययनरत समस्त संबंधित छात्र/छात्राओं को इस कार्यालयीय ज्ञाप से अवगत कराना चाहें एवं इसकी एक प्रति आपके विभाग के सूचना पटल पर भी अनिवार्य रूप से चस्पा करने का कष्ट करें तथा समस्त संबंधित छात्र/छात्राओं की सूची/रोललिस्ट निर्धारित समय–सीमा पर अनिवार्य रूप से परीक्षा विभाग को प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करना चाहें।**
4. वित्ताधिकारी, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
5. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
6. प्रभारी गोपनीय/सहायक कुलसचिव (वित्त/भण्डार/अकादमी/गोपनीय) की ओर सूचनार्थ।
7. मीडिया प्रभारी, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ।
8. वेबसाईट प्रभारी, परीक्षा विभाग की ओर विश्वविद्यालय वेबसाईट में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा)/**
**Assistant Registrar (Exam)**